प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 24.06.2026**

**मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने जा रही वीबी—जी राम जी योजना ग्रामीण आजीविका, रोजगार और आत्मनिर्भर गांवों की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगी।

2— प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा।

3— इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव से कम वर्षा की आशंका के बीच कृषि विभाग ने किसानों को मौसम के अनुरूप फसल लेने की सलाह दी।

4— महिला और बाल विकास विभाग अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को साड़ी खरीदने के लिए निर्धारित राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित करेगा।

**वीबी — जी राम जी योजना**

विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन—ग्रामीण योजना देशभर में एक जुलाई से लागू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में योजना के प्रचार—प्रसार के लिए ग्राम सभाओं, चौपालों, पोस्टर—बैनर, मुनादी, रथ प्रचार और डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्व—सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि और स्थानीय सामाजिक संगठन भी लोगों को योजना की जानकारी देने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा ग्राम और जनपद पंचायतों के साथ ही जिला स्तर पर प्रशिक्षण, बैठकें और ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके माध्यम से ग्रामीणों को योजना के विभिन्न प्रावधानों और लाभ की जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के सांकरा और देवरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने और अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि एक जुलाई से लागू होने जा रही वीबी–जी राम जी योजना ग्रामीण आजीविका, रोजगार और आत्मनिर्भर गांवों की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद ने इस योजना के छत्तीसगढ़ के प्रारूप को मंजूरी भी दे दी है।

<u>स्कूल शिक्षा मंत्री–शैक्षणिक सत्र</u>

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि बच्चों को एक अप्रैल से ही पाठ्यपुस्तक, गणवेश और साइकिल का वितरण कर दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि एक जुलाई से सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए वी एस के ऐप पर पंजीयन और उपस्थिति अनिवार्य होगी। जुलाई माह का वेतन ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर दिया जाएगा।

<u>वंदे मातरम कैंप</u>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ''मेरा भारत'' पहल के जरिए देशभर में वंदे मातरम कैंप आयोजित करेगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को भारत की संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के बारे में गहरी समझ विकसित करने का अवसर देना है। इस पहल के तहत चुने गए जिलों में बीस शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में पंद्रह से उनतीस आयु वर्ग के एक सौ पचास युवा हिस्सा लेंगे। प्रत्येक शिविर में पूर्वोत्तर सहित छह राज्यों के युवा शामिल होंगे। मंत्रालय ने यह भी बताया कि कम से कम पचास प्रतिशत प्रतिभागियों में महिलाएं और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोग होंगे। पहला शिविर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कल से आयोजित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता

केंद्रीय विद्यालयों के लिए छत्तीसवीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह कल नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री मेघवाल विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बीस केंद्रीय विद्यालयों में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले का पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भी शामिल है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–साड़ी खरीदी

महिला और बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए साड़ी की केंद्रीकृत खरीदी व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। अब साड़ी खरीदी के लिए निर्धारित राशि सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि साड़ी का डिजाइन पहले जैसा रखा जाए, ताकि पूरे प्रदेश में एकरूपता बनी रहेगी। वहीं, साड़ी के कपड़े अथवा अन्य विकल्पों का चयन स्थानीय स्तर पर स्वयं कार्यकर्ता और सहायिकाएं कर सकेंगी।

## भाजपा–बैठक

भारतीय जनता पार्टी के रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में संगठन और सरकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान जिलों में चल रहे संगठनात्मक कार्यों और अभियानों को लेकर पदाधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए गए। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं, आज ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म की बैठक भी हुई।

## अल नीनो–कृषि विभाग

इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश के किसानों को मौसम के अनुरूप फसल लेने की सलाह दी है। विभाग ने धान के स्थान पर दलहन और तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने को कहा है। कृषि विभाग के अनुसार कम वर्षा की संभावित परिस्थितियों में अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, मूंगफली, तिल, रामतिल, कोदो, कुटकी और रागी जैसी फसलें बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार दलहन और तिलहन फसलें कम लागत में बेहतर उत्पादन देने के साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने कम पानी वाले क्षेत्रों में धान के बदले दलहन और तिलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को पंद्रह हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया है। इन फसलों की खरीदी प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर की जाती है।

## सहकारिता सप्ताह

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरा होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में उनतीस जून से छह जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि सप्ताहभर चलने वाले इस कार्यक्रम में जागरूकता, सहभागिता और नवाचार को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही लोगों को सहकारी योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा।

## रानी दुर्गावती–बलिदान दिवस

प्रदेश में आज वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती का अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। श्री साय ने कहा कि रानी दुर्गावती के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

<u>महिला राजपूत–मिशन शक्तिसैट</u>

रायपुर के तिलक नगर स्थित शासकीय आदर्श उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्रा महिमा राजपूत का चयन स्पेस किड्ज़ इंडिया के प्रतिष्ठित मिशन शक्तिसैट के राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में हुआ है। महिमा तेईस अगस्त से नई दिल्ली में आयोजित होने वाली आठ दिवसीय शक्तिसैट कार्यशाला में भाग लेंगी। इस मिशन में विभिन्न देशों की एक सौ आठ चयनित छात्राएं भाग लेंगी। इस कार्यशाला में छात्राएं मिलकर शक्तिसैट उपग्रह का निर्माण करेंगी। इनमें से एक सैटेलाइट को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जबकि दूसरा चंद्रमा की सतह पर उतरने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा। इन सैटेलाइट्स का प्रक्षेपण इसरो द्वारा अक्टूबर में श्रीहरिकोटा से किया जाएगा।

महिमा की इस उपलब्धि पर रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

<u>अपचारी बालक–फरार</u>

अंबिकापुर जिले के बिशुनपुर रोड स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से बीती शाम ग्यारह अपचारी बालक फरार हो गए। इनकी उम्र चौदह से सत्रह वर्ष के बीच की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस और संप्रेक्षण गृह के कर्मचारी उनकी तलाश में जुट गए। बताया जा रहा है कि फरार अपचारी बालक सरगुजा, सूरजपुर और कोरिया जिले के रहने वाले हैं। इनमें से कुछ के खिलाफ हत्या, चोरी और दुष्कर्म जैसे मामले दर्ज हैं।

अपहरण–खुलासा

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के मरवाही थाना क्षेत्र में बीते बीस जून को हुए किराना व्यवसायी के अपहरण के मामले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने व्यवसायी को छोड़ने के बदले बीस लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी। आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियार, मोबाइल फोन और एक चारपाहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

– गरियाबंद जिले के उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व में 'हॉर्नबिल सफारी' शुरू की जाएगी। इस सफारी के माध्यम से पर्यटक, पक्षी प्रेमी, वन्यजीव फोटोग्राफर और शोधकर्ता प्राकृतिक वातावरण में हॉर्नबिल का अवलोकन कर सकेंगे।

– मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह–योजना–पीएम एमकेएसएसवाई के तहत कल पच्चीस जून को रायपुर में जल कृषि बीमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत भिलाई के सिरसा अंडर ब्रिज में मरम्मत कार्य की वजह से एक जुलाई से इकतीस अगस्त तक आवाजाही बंद रहेगी।

– दुर्ग जिले के धमधा तहसील के ग्राम बसनी में जिला प्रशासन ने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। जांच के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई कर भू–माफियाओं को सख्त संदेश दिया है कि सरकारी भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

– जशपुर जिले में खनिज विभाग ने शंख नदी के तट पर दो सौ ट्रैक्टर ट्रॉली रेत जब्त की है। इस मामले में विभाग ने एक लाख छियालीस हजार रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया है।